# उत्तराखण्ड पर्यटन उद्यमी प्रोत्साहन योजना–2024

## योजना का संक्षिप्त विवरण

पर्यटन के क्षेत्र में 01 करोड़ से 05 करोड़ तक का निवेश करने वाले प्रदेश के स्थायी निवासियों/उद्यमियों को प्रोत्साहित एवं आर्थिक रूप से सबल बनाये जाने हेतु अधिसूचना संख्या 235925/VI/2024 दिनांक 30 अगस्त, 2024 द्वारा **उत्तराखण्ड पर्यटन उद्यमी प्रोत्साहन योजना–2024 प्रख्यापित की गई है। यह** महत्वकांक्षी योजना उत्तराखण्ड के पर्यटन उद्योग को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के साथ–साथ स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ाएगी और राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

## योजना का लक्ष्य

- पर्यटन उद्योग में निवेश को प्रोत्साहन देना।
- स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाना और उन्हें उच्च श्रेणी के पर्यटन परियोजनाओं में भागीदार बनाना।
- रोजगार के नए अवसरों का सृजन करना और पर्यटन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना।
- पर्यटन गतिविधियों का समावेशी विकास सुनिश्चित करना।

## पात्रता

- योजना मात्र उत्तराखण्ड के स्थायी निवासियों/उद्यमियों के लिए तथा इकाई में 100 प्रतिशत स्वामित्व उत्तराखण्ड़ के स्थायी निवासियों का होना अनिवार्य।
- निवेश की सीमा न्यूनतम ₹ 01 करोड़ तथा अधिकतम ₹ 05 करोड़ की अनिवार्यता।
- एकल स्वामित्व/प्रोपराईटरशिप/पार्टनरशिप (पंजीकृत) /एल0एल0पी0/प्रा0लि0 अथवा अन्य किसी विधिक संस्था के रूप में पंजीकृत इकाईयां पात्र।
- इकाई/अंशधारक किसी भी बैंक/वित्तीय संस्था का डिफाल्टर न हो।
- इकाई की स्थापना हेतु भूमि की स्थिति में वांछित भूमि आवेदक/अंशधारक/इकाई के हो अथवा यदि इकाई पट्टे की भूमि पर निर्मित की जानी हो, तो 10 वर्ष से अधिक की पट्टा अवधि अवशेष होनी अनिवार्य।
- नई इकाई की स्थापना अथवा विद्यमान इकाई के विस्तारीकरण हेतु आकर्षक वित्तीय प्रोत्साहन की सुविधा।
- अनुमन्य पर्यटन गतिविधियों में होटल/मोटल, स्पा एवं स्वास्थ्य/आरोग्य रिसोर्ट, फ्लोटेल्स/फ्लोटिंग रिसॉर्ट्स, क्रूज–बोट, नौका (यॉट), हाउसबोट, इको लॉज तथा आवासीय टैंट, तथा मनोरंजन पार्क आदि के विकास हेतु अनुदान की सुविधा।
- चिन्हित पर्यटन गतिविधियों या परियोजनाओं में निवेश करने वाले उद्यमी ही पात्र होंगे।

## क्षेत्रीय वर्गीकरण व वित्तीय प्रोत्साहन

| श्रेणी | क्षेत्र | पूंजीगत अनुदान | ब्याज अनुदान |
|---|---|---|---|
| ए | • हरिद्वार, नैनीताल तथा ऊधमसिंह नगर जिलों का सम्पूर्ण क्षेत्र<br>• देहरादून जिले के ऐसे क्षेत्र जो श्रेणी 'बी' में सम्मिलित नहीं है<br>• अल्मोड़ा जिले की रानीखेत तथा अल्मोड़ा तहसील | ➢ ₹ 01 करोड़ पर न्यूनतम ₹ 33 लाख अनुदान।<br>➢ ₹ 01 करोड़ से अतिरिक्त निवेश पर 15% अतिरिक्त अनुदान<br>➢ कुल अधिकतम ₹ 80 लाख | 03 % अथवा अधिकतम रू0 04 लाख प्रतिवर्ष |
| बी | • अल्मोड़ा जिले का शेष क्षेत्र (जो श्रेणी 'ए' में सम्मिलित नहीं है)<br>• देहरादून जिले की कालसी, चकराता तथा त्यूनी तहसील<br>• बागेश्वर जिले की गरूड़ तहसील | ➢ 1 करोड़ पर न्यूनतम ₹ 33 लाख अनुदान।<br>➢ ₹ 01 करोड़ से अतिरिक्त निवेश पर 25% अतिरिक्त अनुदान | 03 % अथवा अधिकतम रू0 05 लाख प्रतिवर्ष |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • पौड़ी गढ़वाल जिले की कोटद्वार, लेंसडाउन, यमकेश्वर तथा धूमाकोट तहसील<br>• टिहरी गढ़वाल जिले की धनोल्टी तथा नरेन्द्रनगर तहसील | ➢ कुल अधिकतम ₹ 1.20 करोड़ | |
| सी | • उत्तरकाशी, चमोली, चम्पावत, रूद्रप्रयाग तथा पिथौरागढ़ जिलों का सम्पूर्ण क्षेत्र<br>• बागेश्वर, पौडी गढवाल तथा टिहरी गढ़वाल जिलों का शेष क्षेत्र (जो श्रेणी 'बी' में सम्मिलित नहीं है) | ➢ ₹ 01 करोड़ पर न्यूनतम ₹ 33 लाख अनुदान।<br>➢ ₹ 01 करोड़ से अतिरिक्त निवेश पर 30% अतिरिक्त अनुदान<br>➢ कुल अधिकतम ₹ 1.50 करोड़ | 03 % अथवा अधिकतम रू0 06 लाख प्रतिवर्ष |

## स्टाम्प शुल्क की प्रतिपूर्ति

- ➢ नई इकाइयों की स्थापना पर 100% स्टाम्प शुल्क की प्रतिपूर्ति।

## आवेदन प्रक्रिया

- ➢ योजना निर्माण से पूर्व सिंगल विंडो पोर्टल https://investuttarakhand.uk.gov.in/ के माध्यम से सैद्धान्तिक अनुमोदन (Inprinciple Approval)/कैफ (CAF) प्राप्त करना अनिवार्य है।
- ➢ सैद्धान्तिक अनुमोदन से अधिकतम तीन वर्षो में कार्य पूर्ण कर इकाई का संचालन अनिवार्य।
- ➢ योजना का निर्माण/कियान्वयन निर्धारित विनियमों के अधीन पूर्ण होने के उपरान्त अनुदान की सुविधा।

## योजना की जानकारी और गाइडलाइन्स

- ➢ योजना की विस्तृत जानकारी, दिशानिर्देश और आवेदन प्रक्रिया हेतु विभागीय वेबसाईट https://uttarakhandtourism.gov.in/ पर विजिट करें अथवा विभागीय निवेश सहायता केन्द्र से सम्पर्क करें।

## संपर्क करें:–


**पर्यटन निवेश सहायता केंद्र,**

**उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद, गढीकैण्ट देहरादून।**

फोन– 0135–3515001/3510143/7060038427

ईमेलः– tifcuttarakhandtourism@gmail.com


**जनपद स्तर पर निम्नलिखित अधिकारियों से सम्पर्क किया जा सकता है :–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| जिला पर्यटन विकास अधिकारी, टिहरी **7300799202** | जिला पर्यटन विकास अधिकारी, हरिद्वार **7060038441** | जिला पर्यटन विकास अधिकारी, पौड़ी **7300799201** | जिला पर्यटन विकास अधिकारी, चमोली **9792376998** |
| जिला पर्यटन विकास अधिकारी, देहरादून **7300799203** | जिला पर्यटन विकास अधिकारी, रूद्रप्रयाग **8299806624** | जिला पर्यटन विकास अधिकारी, उत्तरकाशी **8279868075** | जिला पर्यटन विकास अधिकारी, अल्मोड़ा **8954615410** |
| जिला पर्यटन विकास अधिकारी, बागेश्वर **9412998517** | जिला पर्यटन विकास अधिकारी, चम्पावत **9012353111** | जिला पर्यटन विकास अधिकारी, नैनीताल **7895737015** | जिला पर्यटन विकास अधिकारी, पिथौरागढ़ **9458300455** |

जिला पर्यटन विकास अधिकारी, ऊधम सिंह नगर
**94129965**